Published by
The World Jain Mission
Aliganj, (Etah)
U P.

LIVE & LET LIVE.

AHINSA IS THE HIGHEST RELIGION

LOVE ALL, SERVE ALL.

Printed by
Mahavira Press
Aliganj (Etah)
U. P.

❀ प्रस्तावना ❀

मङ्गलं भगवान वीरो, मङ्गल गौतमोगणी।
मङ्गल कुन्दकुन्दाद्य, जैनधर्मोऽस्त्त मङ्गलं ॥

सनातन धर्म प्रवाह और तीर्थङ्कर

भ० महावीर वर्द्धमान, जैन माण्यताके अनुसार चौवीस तीर्थङ्करो मे सर्व अन्तिम तीर्थङ्कर थे। उनके पहले तेईस तीर्थङ्कर और हो चुके थे, जिनमें भ० ऋषभ पहले तीर्थङ्कर और मानवसंस्कृति के आदि सृष्टा थे। इसलिए ही वे मनुओ मे अतिम गिने गये हैं। पहले-पहले उन्होंने अहिसा धर्म की घोपणा भी हिमालय शैल की पवित्र कैलाश कूट से की थी-इसलिए वह कैलाशपति शिव और आदिदेव कहकर पुकारे गए। लोक को ऋषभ ने खाने-पीने की विधि और चलने फिरने का शऊर एव उठने बैठने का चलन सिखाया। इसलिए वह

विश्वगुरु के रूपमे भी मान्य हुए[1]। भारत मे जैनो के अतिरिक्त वैदिक ब्राह्मणों ने उन्हें आदि महादेव[2] और फिर पुराण काल मे विष्णु का आठवां अवतार माना[3] तथा बौद्धो ने उन्हे भारत का आदि सम्राट कहा, जिन्होने हिमालय से सिद्धि पाई थी[4]। किन्तु ऋषभ केवल भारत के ही आराध्यदेव नही थे। चूंकि उन्होने कृपि विद्या का आविष्कार कर लोक का उपकार किया था इसलिए वे लोक गुरु थे-विदेशा मे भी सर्वत्र ऋषभ किसी न किसी रूप में मानव के आराध्य रहे हैं।[5] लोक सदा ही उनके उपकार मे दबा रहेगा।

१.'तीर्थङ्कर भ० ऋषभदेव' देखो २ ऋग्वेद ३ भागवत पुराण अ०५ ४.मञ्जु श्री मूल कल्प ५.ती० भ० ऋषभ देव पृ०१४२-१५०

भ० ऋषभ के पश्चात जब जब धर्म का ह्रास और पाप की वृद्धि हुई तब तब काल क्रम के अंतर से अवशेष अन्य तीर्थङ्कर अवतीर्ण होते गए। भगवान् राम से कुछ पहले बीसवें तीर्थङ्कर मुनिसुव्रतनाथ हो चुके थे। और नारायण कृष्ण के समकालीन, बल्कि उनके चचेरे भाई, बाईसवें तीर्थङ्कर भ० अरिष्टनेमि थे। तेईसवें तीर्थङ्कर भ० पार्श्वनाथ अन्तिम तीर्थङ्कर भ० महावीर से केवल २५० वर्षो पहले वाराणसी मे हुए थे। सारांश यह कि जैनधर्म अन्तिम तीर्थङ्कर भ० महावीर के बहुत पहले से प्रचलित था। जैनधर्म का श्रीगणेश उनके द्वारा नही हुआ, बल्कि इस कल्प काल मे भ० ऋषभ ने भारत क्षेत्र मे पुनः उसका प्रकाश किया। अन्य विदेह आदि क्षेत्रो मे धर्म-तीर्थ सदा ही चलता रहता है। अतएव धर्म एक सनातन प्रवाह है।

तीर्थङ्करों की महत्ता।

तीर्थङ्करो की महत्ता उनकी २४ संख्या में अन्तर्निहित है। एक-एक अविसर्पिणी अथवा उत्सर्पिणी काल मे कालचक्र आध्यात्मिक-परकाष्टा की चरमोन्नति के संयोग को केवल २४ वार प्राप्त होता है-इसी कारण सर्वज्ञ-सर्वदर्शी पूर्ण पुरुष जैसे कि तीर्थङ्कर होते है, २४ ही होते हैं। उनके द्वारा धर्म चक्र का प्रवर्तन और धर्म तीर्थ की स्थापना होती है। उनके विषय में हमारे अमेरिकन मित्र-विचक्षण विवेकी वंधु श्री वुडलेन्ड काहलर सा० ने एक वडे मार्के की बात बताई थी। उन्होने लिखा कि तीर्थङ्करो की २४ संख्या ही वडी सार्थक है-दिन और रात के २४ घंटों के लिये उसमे हमे एक-एक तीर्थङ्कर मिल जाता है। प्रत्येक घंटे मे उन तीर्थङ्कर प्रभु के दिव्य

जीवन की अनूठी घटनाओ का अवलोकन करके जीवन के आध्यात्मिक रहस्य के विविध रूपो को हम आत्मसात करने में सफल होते हैं। किन्तु इसके आगे काहलर सा० सच्चे सम्यग्दृष्टि की निर्वि-कल्प दशा की ओर इशारा करते हुए लिखते हैं कि जब काल की भेद भरी परिधि से ऊंचे उठ जाते हैं तो हम सदा वर्तमान को ही पाते हैं-हमें बीते हुए का विछोह अथवा आनेवाले कल की रंगीनिया अपने संकल्प-बिकल्पो मे नही फंसा पाती हैं-हम जो वर्तमान में जागरूक हो गए हैं-विवेक पूर्वक वर्तमान को तीर्थङ्कर प्रभु का संबल लेकर संभाल रहे हैं! अतः तीर्थङ्करो की संख्या का सत्य रूप शाश्वत है-प्रत्येक काल और क्षेत्र का पूरक है-वह सदावहार जो है। उसमे हमे प्रतीत होता है कि गतकाल मे हमने अच्छाई को गमाया

नहीं और न उस अच्छाई को आगे के लिए टाला है। जो कुछ अच्छाई है उसे मुमुक्ष अपने वर्तमान की जागरुकता मे ग्रहण करके तीर्थङ्करो की परमोत्कृष्ट आध्यात्मिकता को पाता जा रहा है। यह है तीर्थङ्करो के नामो और सख्या का रहस्य-वे मानव जीवन के आध्यात्मिक विकास के लिए प्रकाश-स्तंभ हैं। * अतएव वे मङ्गल रूप हैं। इसलिये जैन मदिर तीर्थङ्करो के नाम-मङ्गल-गान से गुंजरित होते रहते हैं! उपरोक्त श्लोक जिन मदिरो मे गायाजाता है ।

---

* अन्य धर्मों में भी २४ महापुरुष माने गये हैं, परतु जैनो की मान्यता मौलिक है। हिन्दुओं की अवतार मान्यता बाद की है। इसीतरह यहूदी और ईसाई धर्मो के २४ एल्डर्स (Elders) जैन तीर्थङ्करो के अनुरूप बाद में माने गए।

तीर्थङ्करोपरान्त श्रुत परम्परा।

यह रही तीर्थङ्करो की पावन परम्परा, जिसका अवसान-पंचमकाल-कलिकाल के प्रारंभ से हुआ तब पूर्ण सर्वज्ञता-सारे केवल ज्ञान का स्वर्णयुग समाप्त हो गया। किंतु जिस प्रकार सूर्यास्त को संधिवेला पर धूमिल प्रकाश चमकता रहता है, उसी प्रकार पंचमकालके प्रारभ मे १६२ वर्षों तक सामान्यकेवली और श्रुतकेवलियो द्वारा ज्ञान की पूर्ण आभा झलकती रही। श्रुतकेवलियो मे सर्व अंतिम भद्रबाहु स्वामी थे। इसके पश्चात श्रुतधर ऋषियो की स्मृति शक्ति ज्यों ज्यो क्षीण होती गई, त्यो त्यो श्रुतज्ञान भी लुप्त होता गया। तदनुसार श्रुतकेवलियो के पश्चात १८३ वर्षों मे ११ दश पूर्वधर हुए जिनके बाद २२० वर्षों मे चार आचाराग धारी ऋषिवर हुए। उपरात ११८

वर्षों मे अर्हद्वलि, माघनंदि आदि एक देश अंग-ज्ञानधर मुनिपुङ्गव हुये इस प्रकार भ० महावीर के निर्वाण पाने के पश्चात ६८३ वर्षों तक सर्वज्ञ प्रणीत प्रवचन समुपलब्ध रहा-अंगज्ञान की धूमिल आभा चमकती रही। धरसेनाचार्य जी ने इसलिए महिमा-नगरी मे संघ-सम्मेलन करके अवशेष अंगज्ञान को लिपवद्ध करने और उसकी विशद व्याख्या रचने का उपक्रम किया था। इसी समयके लगभग कलिकाल-सर्वज्ञ योगिराट् युगप्रवर्तक आचार्य कुंदकुंद स्वामी हुये थे। +

+ श्वेताम्बर जैन मान्यता मे भी श्रुतज्ञान के लुप्त होने की वात कही गई है, परंतु उनकी मान्यता के अनुसार समग्र अंग-पूर्व श्रुत विलुप्त नही हुआ था, बल्कि उसके कुछ अंश लुप्त हो गए थे। जो श्रुतज्ञान उपलब्ध था उसे ई० छटवी शतब्दि मे वल्लभी नगर मे

भ० कुन्दकुन्दाचार्य

जहां चतुर्थकाल मे भ० महावीर और गणधर गौतम मंगलरूप हुये, वहां पंचमकाल में भ० कुंदकुंद स्वामी परम मंगलरूप मे मान्य हुये ! यद्यपि दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनो ही संप्रदायो मे उनकी मान्यता है, परंतु दिगम्बर सम्प्रदाय के यह परम आराध्य हैं। प्रायः प्रत्येक आचार्य अपने को उनसे सम्बंधित करने मे गौरव अनुभव करता है।

इसप्रकार जैन परम्परा के जो महान् प्रकाशस्तंभ रहे हैं और जो महान योगिराट् एवं

लिपिबद्ध किया गया था। वह आगमावृत्ति आजकल प्रचलित है।

संत होने के साथ साथ सर्वज्ञतुल्य वाणी के अधिष्टाता रहे, उन परम पूज्य प्रातः स्मरणीय भगवन् कुंदकुंदाचार्य स्वामी की अमूल्य श्रुतसूक्तियाँ उपस्थित करना, मानव मानस को सम्यक ज्ञान के आलोक मे ले आना ही है। इसलिये उनके 'पाहुड़' एवं 'अनुपेक्खा' ग्रंथों से सूक्तियो का संग्रह किया जा रहा है। संग्रह के क्रम और उद्देश्यादि पर आगे प्रकाश डाला जावेगा यहाँ पर पहले भगवद कुंदकुंद स्वामी के समय और जीवनी पर प्रकाश डाल देना समुचित है।

उनकी प्राचीनता

श्री कुंदकुंदाचार्य के समय पर विचार करने के लिए हमारा ध्यान उन दिगम्बर जैन पट्टावलियो की ओर जाता है, जिन्हे डॉ० हार्नले

ने प्रामाणिक मानकर 'इ डियन ऐंटीक्वेरी' मे प्रकशित किया था। × इन पट्टावलियो के अनुसार भ० कु दकु दाचार्य और उनके पूर्वज आचार्यो का समय बिवरण निम्नलिखित रूपो मे उपलब्ध होता है :-

१. *भद्रबाहु द्वि०* — विक्रम सं० ४ (चैत्र शु० १४ को आचार्य हुए) ई० पूर्व ५३
२. *गुप्तिगुप्त*-- विक्रम सं० २६ (फाल्गुण शु० १४ को आचार्य हुये) ई० पू० ३१
३. *माघनन्दिन् प्रथम*--वि० सं०३६(अषाढ शु० १४ को आचार्य हुये) ई0 पूर्व २१
४. *जिनचद्र प्रथम*--वि० सं० ४०(फाल्गुण शु० १४ को आचार्य हुए) ई0 पूर्व १७

× इ डियन एंटीक्वेरी, भा० २० व २१

९. कुंदकुंदाचार्य — वि० सं० ४९ (पौष कृ० ८ को आचार्य हुए) ई० पू० ८।

इस मान्यता के अनुसार भगवद् कुंदकुंदाचार्य ई० पूर्व पहली शती से ईस्वी पहली शती मे हुए प्रकट होते हैं। तामिल भाषा का महाकाव्य 'कुर्रल' भी लगभग इसी समय की रचना मानी जाती है, जो तमिलों के निकट वेद-तुल्य है। दक्षिण की जैन श्रुत परम्परा मे वह जैन ग्रंथ कहा गया है, जिसे स्वय कुंदकुंदाचार्य ने रचकर अपने शिष्य तिरुवल्लवर द्वारा तमिल साहित्य सघ में उपस्थित कराया था। इस उल्लेख से भी उनका समय ईस्वी प्रथम शती के आस पास घटित होता है। इसके प्रसग मे यह बात भी ध्यान देने योग्य है कि भ० कुंदकुंदाचार्य और आचार्य उमास्वामी (अथवा उमास्वाति)

दिगम्बर श्वेताम्बर दोनों को ही मान्य है इसका फलितार्थ यही होता है कि वह दिगंबर-श्वेतांबर संघभेद होने के पहले अर्थात सन् ७८ ई० से पहले ही इस धरातल को सुशोभित कर रहे थे।

उपरोक्त पट्टावलि के उल्लेखानुसार भ० कुंदकुंदाचार्य ईसापूर्व सन् ८ मे आचार्य पद के अधिकारी हुए थे। अतः उनका जन्म लगभग सन् ५२ ई० पू० मे हुआ था। वह ऐसे महान युग प्रवर्तक थे कि उनका अस्तित्व उस प्राचीन कालमे होना इसलिये युक्तियुक्त प्रतीत होता है कि उस समय जैन संघ मे बाह्यभेष और क्रियाकाण्ड को लेकर बड़ा संघर्ष चल रहा था-मानव धर्म के बाह्य रूप मे मार्गभ्रष्ट हो रहा था और भाव धर्म को

एक तरह भुला बैठा था। भ० कुंदकुंद ने इस भ्रान्ति को दूर करने का भरसक प्रयत्न किया था। 'भावपाहुड' आदि ग्रंथ इस बात के साक्षी हैं।

उनका जीवन वृतान्त

उनका जन्म कहाँ, किसके यहाँ और कैसे हुआ? इन प्रश्नों का सही उत्तर पाना कठिन है; क्योंकि सभी महापुरुषों की तरह भ० कुंदकुंद स्वामी का जीवन भी अंधकार मे ग्रस्त है। फिर भी जैन श्रुति मे उनके विषय मे दो कथायें मिलती हैं। पहली कथा 'पुण्यास्रव कथा कोष' में मिलती है, जो कुछ ऐतिहासिक तथ्य को लिए हुए भासती है। उसके अनुसार भरतखंड के

दक्षिण देश में पिदठ नाड्डु नामक विषय के अन्तर्गत कुरुमराई नामक नगर था जहाँ करण्डु नामक एक धनाड्य वणिक रहता था। श्रीमती उनकी पत्नी थी। मतिवरन् नामक ग्वाला उनकी गायें चराता था एक दिन मतिवरन् सेठजी की गाये जंगल मे चराने ले गया तो उसने देखा दावानल से सारा जंगल जल गया है—अलवत्ता उसके बीचोबीच मे कुछ पेड हरे भरे खड़े हुए हैं? यह देखकर उसे बड़ा कौतूहल हुआ-वह सोचने लगा कि इन वृक्षो मे क्या करामात है जो यह जलने से बच गये? अपना कौतुक बुझाने के लिये मतिवर उस हरियाले कुंज मे गया। उसने देखा वह किसी साधु का आवास था और उसने यह भी देखा कि एक पेड की खुखाल में कुछ शास्त्र रक्खे हुये हैं। शास्त्रो को देखकर उसका मन श्रद्धा से भर गया—उसे पूरा विश्वास हो गया

कि यह साधु का महात्म्य और उन शास्त्रो का ही प्रभाव था कि उस स्थान के हरेभरे वृक्षदावानल से बाल-बाल बच गये। मतिवर ने ज्ञान के पुन्ज को उठाया और भक्तिभाव से उनको अपने मस्तक पर रक्खा। उसने सोचा, कि उस जंगल मे वे शास्त्र सुरक्षित नहीं हैं। इसलिये वह उनको अपने घर लेगया यद्यपि मतिवर पढालिखा नही था; परंतु उसे ज्ञान की महिमा का बोध था। अतः उन शास्त्रो की वह खूब सार संभाल करता, उनकी विनय करता और उन पर पुष्पादि चढाता। एक दिन करमण्डु के यहा एक तपोधन साधु चर्या करते हुये आहार के लिये गये मतिवर ने उनकी बडी भक्तिकी और उन साधु जी को वह शास्त्र भेंटकर दिये। साधु जी ने उसे धर्मवृद्धि रूप आशीर्वाद दिया। ग्वाला

के हर्ष का वारापार न था उसने अपढ होते हुए भी ज्ञान का दान जो दिया था।

एकदिन मतिवर का जीव इस नश्वर शरीर से नाता तोड गया जैसे फल के पक चुकने पर वह वृक्ष से नाता तोड कर पृथ्वी का आश्रय लेता है, वैसे ही मतिवर का जीव अपने उस जन्म के शरीर वृक्ष से विगल होकर पृथ्वी-माँ के तुल्य सेठानी श्रीमती के गर्भ मे आया। नियत समय में माता श्रीमती ने एक विचक्षण बुद्धि और सुन्दर बालक को जन्म दिया। सेठ करमण्डु ने वडी खुशियाँ मनाईं और खूब दान पुण्य किया-अनेक शास्त्र लिखाकर वितरण किये। यही बालक आगे चलकर स्वानामधन्य आचार्य कुंदकुंद स्वामी हुए।

'होनहार बिरवान के होत चीकने पात'-बालक

कुंदकुंद के विपय मे यह उक्ति सोलह आने चरितार्थ हुई। वह बचपन से ही विचक्षण और मेधावी थे। युवा होते होते वह अनेक विद्याओ मे निष्णात हो गए थे। इसके आगे कथा मे उनके साधुजीवन का वर्णन मिलता है-गृहस्थ जीवन के विषय मे कुछ भी वृत्तान्त नही मिलता।

काललब्धि को पाकर श्री कुंदकुंदजी आचार्य प्रवर श्री जिनचन्द्र जी के सम्पर्क मे आते हैं और उनसे जिनदीक्षा लेते है। मुनि हो जाने पर वह घोर तप तपते हैं। स्वाध्याय मे उनका मन ऐसा पगता था कि दुनिया की सभी बातें भूल जाते थे-शास्त्राध्ययन मे घंटे ही नही, बल्कि दिन और महीने बिता देते थे। यहां तक कि पढते पढते उनकी गरदन टेढ़ी हो गई, जिसके कारण लोग

उनको 'वक्रग्रीव' कहने लगे थे। वह महान तपस्वी थे, उनकी तपस्या की प्रसिद्धि दूर दूर तक हो गई। यहां तक कि एक दिन पूर्व विदेह मे स्थित तीर्थङ्कर श्रीमंदर स्वामी के समवशरण मे भी उनकी विद्वत्ता की चरचा हुई। वहां के सम्राट ने पूछा कि उस समय भारत क्षेत्र मे सबसे अधिक मेधावी और ज्ञानी महापुरुष कौन है? तो तीर्थंङ्कर की दिव्य ध्वनि में उन्होने सुना कि श्री कुंदकुंदाचार्य से बढकर और कोई ज्ञानी महापुरुष नही है! यह बात दो चारम-मुनियो ने भी सुनी, जिसे सुनकर उनको कौतूहल हुआ। वे उनके दर्शन करने के लिए आए। किंतु भ० कुंदकुंद उससमय स्वाध्याय और ध्यानाराधना मे तल्लीन थे-उनको वाहर का सुध बुध ही न थी। इसके

कारण चारण मुनियो तक को उनके अहंकारी होने की भ्रान्ति हो गई। सत की सूक्ष्म वृत्ति को समझ लेना सहज नही होता ! चारण मुनिवर वापस गये और उन्होने सभी वृत्तान्त वहा समव-शरण में प्रकट किया, तो श्री म दर स्वामी की दिव्यध्वनि से उनका समाधान हो गया और उन्होने माना कि भ० कु दकु द एक महान योगी और भाव-मुनि हैं। उनके समान ज्ञान वान पुरुष स सार मे कोई नही हैं। उनको उत्कण्ठा भ० कु दकु द के दर्श न करके चरचा-वार्त्ता करने के लिए तीव्र हो उठी-वे पुनः भारत आए और स्वामी जी से बात चीत करके निहाल हो गए। स्वय कु दकु द स्वामी को सिद्धात विषयक कुछ शङ्कायें थी ; जिनका समाधान स्वय तीर्थङ्कर श्रीम दर स्वामी से करना उनको

अभीष्ट था। इसीकारण वह उन चारणो के साथ पूर्व विदेह गए और जिनेन्द्र की वन्दना करके अपने को धन्य माना। उनकी दिव्य अमृत वाणी का पान करके तृप्त हो गये-शङ्कायें कफउड हो गयीं। समवशरण मे कुदकुद ही आयुकाय मे सबसे छोटे मानव थे-वहा के दीर्घकाय मानवो के लिए वह एक खिलोना हो गए थे, परतु उनको महान तपस्वी और श्रुतज्ञानी जानकर सभी उनके चरणो मे नतमस्तक हुए थे।

कहते हैं कि मार्ग मे उनकी मोर पंखो की पिच्छिका गिर गई थी। इस अभाव की पूर्ति के लिए जब मोर पंख नही मिले तो उन्होने गिद्ध पक्षी के पंखो की पिच्छिका ले ली थी, जिसके कारण वह 'गृद्धपिच्छका' कहलाये थे।

निस्संदेह भ० कुंदकुंद के जीव ने अपने पूर्व जन्म मे शास्त्र दान दिया था-उसीका यह परिणाम था कि वह महाज्ञानी और तपस्वी महापुरुष हुए। उन्हे 'आचार्य' का महान पद मिला। निस्संदेह आचार्य होकर उन्होंने धर्म की अपूर्व प्रभावना की! उक्तकथा का सार यह है जो हमें उनके जीवन का परिचय कराता है।

इसके अतिरिक्त एक दूसरी कथा 'कुंदकुंदाचार्य चरित्र' (सूरत) मे भी मिलती है, परंतु उसमे ऐतिहासिक तथ्य कम और कविकी कल्पना को अधिक स्थान दिया गया है। उसके अनुसार उनका जन्म स्थान मालवदेश होता है। वह कुंदश्रेष्ठी और कुंदलतासेठानी के पुत्र वताये जाते हैं। जन्म से ही उदासीनवृत्ति के होने के कारण वह

मुनि हो जाते हैं। शेष वर्णन उसमे भी उपरोक्त कथा जैसा है। लगता है कि कुंदकुंद नाम के कोई दूसरे आचार्य मालव मे हुये होंगे-उनके व्यक्तित्व को योगिराट् कुंदकुंद स्वामी से मिला देने की भ्रांति इसमें की गयी है।

दक्षिण देश के योगिराट् और उनके नाम

इन कथाओ और शिलालेखीय साक्षी से यह स्पष्ट होता है कि भ० कुंदकुंद स्वामी दक्षिण देश के एक महा आचार्य थे। उनका सम्बन्ध 'द्राविड गण' मूल संघ-से भी बताया जाता है-वैसे ही मूल संघ के प्रमुख आचार्य थे-इतने महान। कि उनकी एक आम्नाय अभीतक 'कुंद-

कुन्दाम्नाय' नाम से चली आरही है ।

दक्षिणभारत के 'मंत्रलक्षण' नामक एक हस्तलिखत ग्रन्थ मे एलाचार्य को लक्ष्य करके निम्न-लिखित श्लोक अङ्कित हैं:—

"दक्षिणदेशा मलये हेमग्रामे मुनिर्महात्मासीत् ।
एलाचार्यो नाम्ना द्रविलगणाधीशो धीमन् ॥"

इससे प्रकट है कि दक्षिणभारत के मलय देश मे एक हेमग्राम था, जहा पर द्रविल (द्रविड) गण के मुनीश विद्वान ऐलाचार्य रहते थे। यह कौन थे ? यह इस श्लोक से स्पष्ट नही है किंतु जैनसंघ मे ऐल नामका बहु प्रचलन रहा है-इस नाम के राजा और आचार्य कई हुये है। सम्राट भी ऐल कहलाते थे। श्री वीरा सेनाचार्य के गुरु का नाम भी ऐलाचार्य था। भ०.कुंदकुंदाचार्य का भी एक

नाम ऐलाचार्य था चूंकि 'ऐल' नाम जैनसंघ मे प्राचीन काल से चला आ रहा था और उसका सम्बन्ध हरिवंश से था। अतः संभव है कि भ० कुंदकुंद का सम्पर्क भी 'ऐल' से किसी रूप में रहा होगा इसलिए वह ऐलाचार्य कहलाये। हो सकता है कि पिदठनाड्डु देश कलिंग के निकट हो और ऐल खारवेल के राज्य का एक भाग हो। जो हो, निम्नलिखित अंश से स्पष्ट है जिसे श्रुतसागर जी ने पाहुड ग्रन्थों की टीका के अंत मे लिखा हैं कि भ० कुंदकुंदचार्य के पांच नाम थे जिनमे एक ऐलाचार्य भी था :-

"इति श्री पद्मनन्दि कुंदकुंदाचार्य वक्रग्रीवाचार्यैलाचार्य गृद्धपिच्छाचार्य नाम पंचक विराजितेन सीमन्धर स्वामीर ज्ञानसम्बोधित भव्य-जनेन श्री

जिन चन्द्र सूरि भट्टारक पट्टाभरणभूतेन कलिकाल सर्वज्ञेन विरचिते पट् प्राभृत ग्रथे ।"..... ....

(षट्प्राभृतादि संग्रह पृ० २६)

श्री श्रुत सागर जी ने भ० कुंदकुंदाचार्य के अपर नाम पद्मनन्दि, वक्रग्रीव, ऐलाचार्य एवं गृद्धिपिच्छकाचार्य भी लिखे हैं-उनको 'जिनचन्द्राचार्य' का शिष्य, कलिकालसर्वज्ञ तीर्थङ्कर सीमंधर स्वामी से ज्ञान प्राप्त लब्ध और 'षट् प्राभृत' ग्रंथ का रचयिता बताया जाता है। इस स्पष्टीकरण से यह तथ्य सूर्य प्रकाश के समान प्रगट सिद्ध होता है कि भ० कुंदकुंदाचार्य ऐलाचार्य कहलाते थे। इस दशामे उनकी तपोभूमि हेमग्राम के निकट स्थित हेमगिर (पोन्नूर हिल) हो सकती है, जिसके विषय में स्व० प्रो० ए० चक्रवर्ती ने

लिखा था कि मलय देश मद्रास प्रदेश के उत्तर अर्काट व दक्षिण अर्काट जिलो को पूर्वी घाटपर्वत माला के अन्तर्गत आता है। वांडिवाश तालुक का पोन्नूर ग्राम हेमग्राम है, जिसके निकट नीलगिरि पहाडी है। उस पहाडी की चोटी पर ऐलाचार्य के चरण चिन्ह है। कहते है, यहा ही उन्होने तपस्या की थी। साथ ही चक्रवर्ती जी ने ऐलाचार्य द्वारा ही तमिल के प्रसिद्ध ग्रंथ 'कुरल' का रचा गया सिद्ध किया है और उनको कुंदकुंदाचार्य बताया है। देखो (अंग्रेजी पञ्चास्तिकाय की भूमिका पृ० ७-१०)

शिलालेखों में

दक्षिण के शिलालेखों मे भी भ० कुंदकुंद

को एक अतीव प्राचीन काल प्रगट किया है, किंतु उनका नाम कोण्डकुन्द उनके जन्मनगर के कारण लिखा है। और उनको नाम पद्मनन्दि भी उसमे है श्रवणबेलगोल के शिलालेख नं० ४० के निम्नलिखित अंश से स्पष्ट है कि भ० कुंदकुंदाचार्य श्रुतकेवली भद्रबाहु की परम्परा मे हुये थे.. जिसमे उनके पहले मौर्य सम्राट् चन्द्रगुप्त भी जैन मुनि हो चुके थे.–

श्री भद्रस्सर्वतो यो हि भद्रबाहु रितिश्रुतः।
श्रुतकेवलिनाथेषु चरम परमो मुनि. ॥

चन्द्रप्रकाशोज्ज्वलसांद्र कीर्त्तिः
श्री चन्द्रगुप्तोऽजनितस्य शिष्यः।
यस्य प्रभावाद्वनदेवता भिराराधितः
स्वस्य गणो मुनीना ॥

तस्यान्वये भूविदिते वभूव यः
पद्मनन्दि प्रथमा भिधान. ।
श्री कोण्डकु दादि मुनीश्वराख्यस्स
त्स यमादुंद्गत चारणार्द्धिः ॥

प्रायः इसी प्रकार का कथन शिला लेख नं० १०८ मे भी वहा पर हैं । इनके कथन और करनो से स्पष्ट है कि वे पद्मनंदि नाम से अधिक प्रख्यात थे और देशीय नाम कोण्डकुंद का श्रुत मधुर नाम ही कुंदकुंद है ।

श्रुतकेवली भद्रवाहु की परम्परा में

भ० कुंदकुंदाचार्य ने स्वयं ही 'बोध-पाहुड' की ६१ वी एव ६२ वी गाथाओ मे अपने को श्रुतकेवली भद्रवाहु की परम्परा का शिष्य बतलाया है और यही बात शिलालेखों मे भी कही गई है । वे गाथायें निम्नलिखित हैं :-

'सद्दवियारो हुओ,
भासा सुत्तसुत्तं जिणं कहियं।
सो तह कहियं णायं,
सीसेण भद्दबाहुस्स ॥६१॥'

अर्थः- जैसा जिनेन्द्र भ० ने उपदेश दिया है वैसा ही भाषासूत्रो मे शब्द विकार को प्राप्त हुआ, और वैसा ही भद्रबाहु के (परम्परा) शिष्य (प्राभृत कर्त्ता) ने जाना और वर्णन किया।'

'बारस अंग वियाणं,
चउदस पुव्व विफल विच्छरणं
सुय णाण भद्दबाहु,
गमयगुरु भयवउ जयउ ॥६२॥'

अर्थ :— 'बारह अंग और अधिक विस्तार वाले चौदह पूर्व के विशेष ज्ञाता श्रुतज्ञानी, गमकगुरु भद्रबाहु भ० जयवंत हो।'

इन दोनों गाथाओ के अर्थ से यह निस्संदेह स्पष्ट हो जाता हैं कि भगवत् कुंदकुंद अपने ज्ञानगुरु के रूप में श्रुतकेवलो भद्रवाहु का ही स्मरण करते हैं, किंतु यह गुरु शिष्य सम्बन्ध परम्परागत है। जैसे शिलालेखीय साक्षी से स्पष्ट है। भ० कुंदकुंद प्राचीन आचार्य होने के साथ ही महाज्ञानी वाचक भी कहलाते थे।

उनके शिष्य सम्राट् शिवकुमार महाराज

भ० कुंदकुंद के एक महान शिष्य सम्राट शिवकुमार महाराज थे। टीकाकारो का कहना है कि स्वामी जी ने अपने प्रायः सभी ग्रथ उनको सम्बोधित करने के लिए लिखे थे। प्रो० चक्रवर्ती ने उनको पल्लववंश के सम्राट् शिवस्कन्द वर्मा

वताया है। जिनके राजदरवार की भाषा प्राकृत थी। 'मायिडावोली' नामक सुप्रसिद्ध नामक ग्रंथ उसी समय का हैं। साराश यह कि भ० कुंदकुंद एक ऐसे महान् आचार्य थे जिनकी सेवा वडे-वडे राजामहाराजा करते थे-यहाँ तक कि स्वयं तीर्थंङ्कर सीमंधर स्वामी ने उनके ज्ञान की प्रशस्तता का उल्लेख समवशरण मे किया था।

कुंदकुंद स्वामी की यह महानता एकमात्र शास्त्र दान के देने और स्वाध्याय तप मे अहर्निश पगे रहने से मिली थी। अतएव प्रत्येक मुमुक्ष का कर्तव्य यह होना चाहिये कि वह जैन ग्रंथो को मुद्रित कराकर वितरण करके ज्ञान प्रभावना करे और नियमित रूप से स्वाध्याय करने का नियम लेवे। इसीलिए दातार महोदय श्रीमान् सेठ घनश्याम दास जैन, जोराहट(आसाम)ने भ० कुंदकुंद

की ये सूक्तियाँ ज्ञान प्रभावना के लिए प्रकाशित कराई हैं।

उनका प्रचार और ग्रंथ रचना

भ० कुंदकुंदाचार्य का सारा साधु जीवन ज्ञानाराधना और ज्ञान मार्ग की प्रभावना मे वीता था। उन्होने संघ मे समय विषमता से आये हुये विकारो का निराकरण बड़े साहस से किया जिससे भाव धर्म की स्थिरता को बल मिला था। इस पुनीत ध्येय की सिद्धि के लिए न जाने उन्होने कितने अपूर्व ग्रन्थों की रचना की थी, यह बताना कठिन है। किन्तु आज उनकी अमूल्य रचनाओ मे निम्नलिखित उपलब्ध है :—

(१) समयसार, (२) पञ्चास्तिकाय, (३) प्रवचनसार, (४) दर्शन प्राभृत, (५) सूत्र प्राभृत, (६) चारित्र प्राभृत, (७) बोध प्राभृत, (८) भाव प्राभृत (९) मोक्षप्राभृत, (१०) लिङ्ग प्राभृत, (११) शील प्राभृत, (१२) रयणसार, (१३) नियमसार और

(१४) वारस अणुवेक्खा ।

इन अपूर्व ग्रंथरत्नो का सिरजन करके आचार्य प्रवर ने धर्म का मार्ग ही चला दिया था । ५२ वर्षों के दीर्घ आचार्य काल मे उन्होने महत्व पूर्ण साहित्य प्रणयन के साथ दूर दूर तक धर्म का प्रचार भी किया था । कहते हैं कि भ० कुंदकुंद ने 'कर्म प्राभृत'(षट्खण्डागम) नामके प्रथम तीन खण्डो की १२ हजार श्लोक परिमाण 'परिकर्म' नामक टीका भी लिखी थी । यह भी कहा जाना है कि उन्होने मुनियों के आचार ग्रंथ 'मूलाचार' को भी रचा था । 'दशभक्ति संग्रह' उन्होने रची कही जाती है ।

इस प्रकार जैनसंघ का यह देदीप्यमान नक्षत्र सदा ही ज्ञानालोक मे चमकता रहेगा । उनके द्वारा प्रणीत से श्रुत ही प्रस्तुत सूक्तियाँ संग्रह की गई हैं ।

सूक्तियों का चयन क्रम ।

प्रस्तुत सूक्तियाँ रत्नत्रय धर्म को लक्ष्यकर

संग्रह की गई हैं मनुष्य को बहिर्दृष्टा न रखकर
अंतर्दृष्टा की ओर ऋजु करना है । भावधर्म
उपादेय है । बारह भावनाओं को उपस्थित करके
चित्तशुद्ध की ओर मुमुक्ष को जगा देना इष्ट है ।
जैन कथावर्त्ता से विविध उदाहरण उपस्थित करके
आचार्य श्री ने मानव को कषायो के कषैले प्रभाव
से बचाने का प्रयास किया है । कितनी करुणा
बुद्धि है उनकी ! उल्लिखित व्यक्तियो की कथायें
जैन कथा साहित्य मे बिखरी मिलती हैं । यदि
संभव हुआ तो अगले संस्करण मे उन कथाओ को
भी देने का प्रयास करेंगे एक गृहस्त अपने धर्म-
कर्तव्य को पहिचान कर अपना आत्म कल्याण
कर सके, इसी ध्येय से प्रस्तुत सूक्तियो का चयन
किया गया है । आशा है, पाठकों को यह रुचिकर
होगी । मूल गाथा के साथ उसके पद्यानुवाद चि॰
वीरेन्द्र जैन साहित्यरत्न कृत दिया गया है ।
जिससे अंग्रेजी विज्ञो के अतिरिक्त हिन्दी पाठक
भी उससे लाभ उठा सकेंगे ।

आभार-प्रदर्शन

अन्त मे हम पूज्य श्री आचार्य कुंदकुंद स्वामी के प्रति अपनी कृतज्ञता पूर्ण श्रद्धांजलि अर्पण करते हैं। साथ ही इस ट्रैक्ट प्रकाशन में आर्थिक सहयोग देकर प्रकाशन सुलभ किया उन जोरहट (आसाम) निवासी दातर महोदय श्रीमान सेठ श्री घनश्यामदास जी बाकलीवाल के प्रति मिशन कृतज्ञता का भाव प्रकट करता है। उनके सहयोग से ही प्रस्तावना का ठोस कारण उपस्थित हो रहा है।

जिनशासन सदा जयवंत वर्ते, जिससे लोक कल्याण हो, यही भावना है। इति।

विनीत—

[illegible]

जैन भवन अलीगंज (एटा)
१-५-१९६२

स्वामी कुन्दकुन्दाचार्य
की
सूक्तियाँ

The Sayings
of
Swami
Kundakundachayra

मङ्गल-सूक्ति
(Benediction)

काऊण णमुक्कार जिणवरवसहस्स वड्ढमाणस्स
दंसणमंग्गं वोच्छामि जहा कम्मं समासेण ॥

卐

करके नमस्कार जिनवर को,
वृषभदेव को, वर्धमान को।
अनुक्रम से सङ्क्षेप रूप से,
मैं कहता दर्शन सुमार्ग को ॥

卐

Having offered salutations to (omniscient) spiritual conquerors -- the *Jinavaras* -by name Vraṣabha to Varddhamāna I (Swāmi Kundakundā-charya) propound briefly and systematically the path of Truth.

स्वामी कुन्दकुन्दाचार्य

Swāmi Kunda kundāchārya

दंसणमूलो धम्मो उवइट्ठो जिणवरेहिं सिस्साणं
तं सऊण सकण्णे दंसण हीणो ण वंदिव्वो ॥

卐

धर्म मूल दर्शन–शिष्यों को,
जिनवर ने उपदेश दिया है।
उसे सुनो अपने कानों से,
दर्शन-हीन + न वंद्य कहा है ॥

卐

The Lord Jinavara has taught to his disciples that the basic root of *Dharma* (Truth) is Right Belief. Hear that truth with your ears open and shut your eyes towards faithless, who is not adorable

---

\+ सम्यक्त्वरहित

सम्मत्तसलिलपवहो णिच्चं हियए पवट्टए जस्स
कम्मं वालुयवरण वन्धुच्चिय णासए तस्स ॥

卐

सम्यक्त्व सुसलिल प्रवाह नित्य,
बहता अंतस्तलमें जिसके।
है कर्म — वालुकावरण पूर्व-
सचित भी नश जाते उसके ॥

卐

The blessed person, in whose heart flows the stream of Right Belief, surely causes the destruction of the bondage of the sand of karmas.

सम्मत्तादो णाणं णाणादो सव्वभाव उवलद्धो ।
उवलद्ध पयत्थे पुण सेयासेयं वियाणेदि ॥

卐

सम्यक दर्शन से ज्ञान, ज्ञान से
सर्वभाव उपलब्ध सहज है ।
पुनः पदार्थ ज्ञान पाकर के,
जाना जाता श्रेयाश्रेय है ॥

卐

The Right Belief causes Right Knowledge, which produces the *Sarvabhava* (cosmic feeling of perfection and equanimity). On attaining to *Sarvabhava* one realises the truth of *Shreya* (i. e. activity beneficial to soul) and its contrary the *Ashreya*, (which produces unpleasant conditions for soul)

छः

सेयासेयाविदण्हू उद्धुद दुस्सील सीलवत्तो वि
सीलफलेणब्भुदय तत्तो पुण लहइ णिव्वाणं ॥

卐

श्रेयाश्रेय विज्ञ ही नाशक सब–
दुश्शील, सुशीलवान है ।
वही शीलफल अभ्युन्नति पा,
फिर पाता वह मोक्षधाम है ॥

卐

Those aspirers who discriminate between *Shreya* (auspicious and beneficial activity) and *ashreya* (non-beneficial and inauspicious one for the soul) are called *'Uddhada-Dusshila'* (Destroyer of Wrong Belief) and *'Shila vanta'* well-established in the spirituality, i. e the real feeling of Soul They raise their souls to higher spiritual sphere and finally attain *Nirvana.*

जीवादी सद्दहण सम्मत्तं जिणवरेंहि पण्णत्तं ।
ववहारा णिच्छयदो अप्पाणं हवइ सम्मत्तं ॥

जीव प्रभृति पदार्थ सत श्रद्धा,
है सम्यक्त्व जिनेन्द्र उचारा ।
वह व्यवहार, आत्म श्रद्धा है-
सम्यक दर्शन निश्चय द्वारा ॥

卐

From the practical point of view the great Lord Jina has described the true faith of the principles of *Jiva* (Soul) etc. (i. e. *Ajiva* non-soul, *Ashrava*-Inflow of karamas *Bandha* -bondage of karmic moliculles, *Samvara* - stoppage of karmas, *Nirjara* - Sheddling off of karmas, and *Moksa* (Liberation) to constitute the Right Belief in its practical form, while from the real point of view the true belief of the natural condition i e. reality of Soul is real Right Belief.

जं सक्कइ तं कीरइ जंच ण सक्केइ तंच सद्दहणं
केवलिजिणेहिं भणियं सद्दहमाणस्स सम्मत्तं ।।

卐

जितनी शक्ति करो उतना ही,
शक्ति परे की श्रद्धा करना ।
श्रद्धावान सुसमकितधारी,
यह केवली जिनप का कहना ।।

卐

What is possible to do for the good of soul, do perform that much only And the rest of (right conduct) which seems not easy to observe (in the particular circumstantial condition of the aspirer), he should keep his belief entact for that -(he should not be faithless because) the Lord Jina has declared the faithful to possess the Right Belief.

णवि देहो वंदिज्जइ ण वि य कुलो ण वियजाइसंजुत्तो
को वदमि गुणहीणो ण हु सवणो णेय सावओ होइ

卐

न तो वध है देह, न कुल है,
और न जाति युक्त वंदित है ।
कौन वन्दता गुण-विहीन को,
निरगुण श्रमण न श्रावक भी है ॥

卐

Neither the physical body, nor the family or caste is adorable. Who could honour those people who are devoid of merits? They are neither a *Shramana* (monk) nor a *Shravaka* (layman)!

णाणं णरस्स सारो सारो वि णरस्स होइ सम्मत्तं
सम्मत्ताओ चरण चरणाओ होइ णिव्वाण ॥

卐

ज्ञान मनुजका सार सार है, —
निश्चय नर का सम्यक दर्शन ।
सम्यक दर्शन से चरित्र है,
औ' चरित्र से मोक्ष-सदन घन ॥

卐

The knowledge is the essence for human beings, but in real sense it is abiding in Right Belief (Knowledge without Right Belief is misleading and worthless). The Right Belief leads man to observe the rules of conduct in a right way And that pure conduct awards him the bliss of Nirvāna ! +

+These nine gāthās are taken from '*Darshana-Pāhuda*'.

अरहंत भासियत्थं गणहरदेवेहिं गंथियं सम्मं।
सुत्तत्थमगारात्थं सवणा साहंति परमत्थं ॥

卐

जिसे कहा अरहन्त देव ने,
औ' गणधर ने सम्यक् गूँथा।
सूत्रार्थ श्रमण मार्गण करते,
साधते सहज परमार्थ यथा ॥

卐

The scripture called '*sutra*' has been propounded by *Arhanta* (the omniscient Teacher) and that has been recorded by the holy *Ganadharas* (Apostles) in book-form systematically. That holy *Sutra* is the light of the path to *Parmartha* (i. e. *Nirvana*).

सुत्तम्मि जाणमाणो भवस्स भवणासणं च सो कुणदि।
सूई जहा ससुत्ता णासदि सुत्ते सहा णो वि ।।

卐

सूत्र प्रवीण नाश कर देता,
भव में है वह भवोत्पाद का।
सुई असूत्र नष्ट ज्यों होती,
सूत्र सहित कब डर खोने का ।।

卐

The aspirer of truth who acquires the knowledge of *Sutras* (Scriptures containing the teachings of an omniscient Teacher) is able to destroy the (misery of) transmigration ; as a needle with *Sutra* (thread) is never lost; while that without thread is *lost* easily ! (Therefore acquire knowlege of the *Sutras*). ×

× Taken from '*Sutta-pahuda*'

जं जाणइ तं णाणं जं पिच्छइ तं च दंसणं भणियं
णाणस्स पिच्छियस्स य समवण्णा होइ चारित्तं

卐

जो जाने वह ज्ञान कहाता,
जो पहिचान करे वह दर्शन ।
ज्ञान और दर्शन संयोग से,
होता है चारित्र प्रवर्तन ॥

卐

The knowing activity signifies knowledge, while discerning of substances, denotes perception (which is full of right faith). And the both of them i.e knowledge and faithful perception produce conduct.

जिणणाण दिट्ठिसुद्ध पढमं सम्मत्तचरणचारित्त
विदिय संजमचरणं जिणणाणसदेसिय तं पि ॥

जिन ज्ञान दृष्टि से शुद्ध प्रथम,
सम्यक्त्वाचरण चरित्र कहा।
दूसरा सयमाचरण चरित्,
जिन-ज्ञान-प्रभासित जोकि रहा ॥

卐

(The Right Conduct is of two kinds). The first and foremost of them is *Samyaktva charana* (i. e. spiritual conduct, in which aspirer manifests his faith and knowledge of spirit by self-absorption), which is sanctified by the (infinite) knowledge and perception of Lord Jina. The other kind of Right Conduct is called *Samyamacharana* (observance of rules of self-control) which is also propagated according to the wisdom of Lord Jina.

णिस्संकिय णिक्कंखिय णिव्विदिगिछा अमूढदिट्ठीय
उवगूहण ठिदिकरण वच्छल्ल पहावण य ते अट्ठ
निःशंकित ओ' निःकांक्षित ओ' निर्विचिकित्सा अमूढद्रष्टिम्
उपगूहन थितिकरण वत्सलता, ओ' प्रभावना सम्यक्त्वष्टम्

(For the clarity and solidarity in the observance of the inner conduct of *Samyaktva*, i e. Right Belief, the following eight limbs of it are most essential for observance): 1 *Nissamkita*, i. e. Fearless mental attitude without any doubt, 2 *Nihkamchhita*, i e. desireless-ness, 3 *Nirvichkitsa*, i. e. freedom from aversion to or regard for body; 4. *Amudadristi* freedom from inclination for the path, 5 *Upaguhana*, redeeming the defects of ineffective believers; 6. *Stithikarana*, sustaining souls in-right conviction 7. *Vatsalya*, loving regard for pious persons and 8 *Prabhavana*, publishing of Jaina doctrines.

उच्छाहभावणासं पसंस सेवा सुदंसणे सद्धा।
ण जहदि जिणसम्मत्तं कुव्वंतो णाण मग्गेण ॥

卐

सत्पथुत्साह भाव है सस्तुति,
सेवा श्रद्धा सद्दर्शन में।
जिन-मत श्रद्धा सम्यक्त्व न वह,
तजता दृढता सुज्ञान पथ में ॥

卐

The aspirer in whom inner feeling of enthusiasm for the (glory of the) Way of Truth –*Jnānamārga*- is awakened and whose heart is saturated with the holy aspirations regarding prayer, service and faith, he never swerves from the path of Right Belief.

सत्तरह

अण्णाणं मिच्छत्तं वज्जहि णाणे विसुद्ध सम्मत्ते ।
अह मोह सारभ परिहर धम्मे अहिसाए ॥

卐

अज्ञान मिथ्यात्व विडारे तू—
सम्यक् ज्ञान और दर्शन से ।
तथा मोह औ' समारम्भ भी,
परिहर धर्म अहिंसा-मय से ॥

卐

Destroy nescience and wrong belief by Right Knowledge and Holy Spiritual Belief. And conquer active attachment- *Moha*--by the religion of Ahinsa (non-violence and harmony).

अठारह

एए तिण्णि वि भावा हवंति जीवस्स मोहरहियस्स
नियगुणमाराहंतो अचिरेण वि कम्म परिहरइ

卐

यही भाव त्रय मोह रहित जो—
उसी जीव के निश्चय होते।
निज गुण आराधन से सुजीव—
हैं शीघ्र कर्म-हत हो जाते ॥

卐

The abovementioned three feelings (of Right Belief, Right Knowledge and Right Conduct) are only attainable in whole by an aspirer void of attachment. He having engaged himself in the meditation of his spirit destroys *karmas* in no time!

दुविहं संजमचरणं सायारं तह हवे णिरायारं।
सायार सग्गंथे परिग्गहा रहिय खलु णिरायारं॥

卐

दो भाँति सयमाचरण रहा-
सागार और वह निरागार
सागार ग्रन्थियुत के होता-
खलु ग्रन्थि हीन के निरागार॥

卐

The other kind of *Samyamacharana* conduct is of two kinds: (1) the one pertaining to householders and (2) the other that of houseless monks The householders have homely possessions, while the monk is devoid of all possessions.

पचेवरगुव्वयाइ गुणव्वयाइं हवंति तह-तिण्णि ।
सिक्खावय चत्तारि य सजमचरण च सायारं ॥

卐

सब पाँच अणुव्रत हैं होते,
तथा तीन गुणव्रत हैं माने ।
और चार शिक्षाव्रत मिलकर,
सागार संयमाचार बने ॥

卐

The (outer) *Samyama*(right conduct characterised by self-control)of an householder consists of five *Anu-vratas* (minor vows of Ahinsā, Truth, Non- theft, Chastity and Control of desires),three *gunavratas*(special vows relating to the limitation of daily work, food etc)and five *Shikshavratas* (disciplinary vows), i. e (An householder observes 12 vows in all).

अण्णाणं मिच्छत्तं वज्जहि णाणे विसुद्ध सम्मत्ते ।
अह मोह सारभं परिहर धम्मे अहिसाए ॥

卐

अज्ञान मिथ्यात्व विडारे तू—
सम्यक् ज्ञान और दर्शन से ।
तथा मोह औ' समारम्भ भी,
परिहर धर्म अहिंसा-मय से ॥

卐

Destroy nescience and wrong belief by Right Knowledge and Holy Spiritual Belief And conquer active attachment- *Moha*--by the religion of Ahinsa (non-violence and harmony).

एए तिण्णि वि भावा हवंति जीवस्स मोहरहियस्स
नियगुणमाराहंतो अचिरेण वि कम्म परिहरइ

卐

यही भाव त्रय मोह रहित जो—
उसी जीव के निश्चय होते।
निज गुण आराधन से सुजीव—
हैं शीघ्र कर्म-हत हो जाते ॥

卐

The abovementioned three feelings (of Right Belief, Right Knowledge and Right Conduct) are only attainable in whole by an aspirer void of attachment He having engaged himself in the meditation of his spirit destroys *karmas* in no time!

दुविहं संजमचरणं सायार तह हवे णिरायारं।
सायार सग्ग थे परिग्गहा रहिय खलु णिरायारं॥

卐

दो भाँति संयमाचरण रहा-
सागार और वह निरागार
सागार ग्रन्थियुत के होता-
खलु ग्रन्थि हीन के निरागार ॥

卐

The other kind of *Samyamacharana* conduct is of two kinds: (1) the one pertaining to householders and (2) the other that of houseless monks The householders have homely possessions, while the monk is devoid of all possessions.

पचेवणुव्वयाइ गुणव्वयाइं हवंति तह तिण्णि ।
सिक्खावय चत्तारि य संजमचरणं च सायारं ॥

卐

सब पाँच अणुव्रत हैं होते,
तथा तीन गुणव्रत हैं माने ।
और चार शिक्षाव्रत मिलकर,
सागार संयमाचार बने ॥

卐

The (outer) *Samyama*(right conduct characterised by self-control)of an householder consists of five *Anu-vratas* (minor vows of Ahinsā, Truth, Non- theft, Chastity and Control of desires),three *gunavratas*(special vows relating to the limitation of daily work, food etc)and five *Shikshavratas* (disciplinary vows), i. e (An householder observes 12 vows in all).

थूले तसकायवहे थूले मोषे अदत्तथूले य ।
परिहारो परमहिला परग्गहारम्भ परिमाण ॥

卐

छोड स्थूल त्रस घात, स्थूल मृष-
त्याग, अदत्त द्रव्य लेना मत ।
परिहर परतिय और परिग्रह,
परसीमित ये पंचाणुव्रत ॥

卐

The abstinence from the gross killing of movable living beings and from speaking a gross lie, non-acceptance of things belonging to others, and the avoidance of the company of ladies(other than one's wife in privacy), and putting limitations to one's possessions(by controlling desire, constitute the five minor vows of an householder)

दिसिविदिसमाण पढमं अणत्थदंडस्स वणंजु विदियं।
भोगोपभोगपरिमा इयमेव गुणव्वया तिण्णि ॥

卐

प्रथम दिशा विदिशा की सीमा—
अनर्थ दण्ड का त्याग दूसरा ।
भोगोपभोग सीमा तृतीय—
इस भाँति तीन गुणव्रत धारा ॥

卐

The limitation(of one's activities) in every direction (of east, west, north and south, upwards, downwards and their corners)is the first *gunavrata* called *Disa vidisa-mana*. The *Anartha-danda-tyaga*, i. e. Avoidance of useless & meaningless activities, and *Bhogopabhoga-mana* i.e. limit of food and enjoyment etc. make all the three *gunavratas*.

सामाइयं च पढम विदियं च तहेव पोसहं भणियं
तइय च अतिहिपुज्जं चउत्थ सल्लेहणा अंते

卐

सामायिक पहला शिक्षाव्रत —
दूसरा सु-प्रोपध अभिभाषित ।
तीसरा अतिथि सत्कार अन्त में-
चौथा है सल्लेखन व्रत ॥

卐

The four *Sikṣāvratas* are as follows: (1)*Sāmāyika* i e performance of meditation for equanimity three times daily (2)*Proṣadha*, i.e. observance of fast on the 8th and 14th. auspicious days of each fortnight;(3)*Atithi-satkāra* i e entertaining and giving alms to *Nirgrantha S'ramaṇas*(monks) and (4)*Sallekhanā*, i. e observance of rules pertaining to death in the end.

णाणगुणेहि विहीणा ण लहंते ते मुइच्छिया लाह।
इय णाऊं गुणदोस त सण्णाण वियाणेहि ॥

卐

गुण ज्ञान विहीन कभी भी है—
पा पाता नहीं स्व-इच्छा-फल।
गुण दोष जानने को इसविधि—
जानो सत्सम्यक् ज्ञान धवल ॥

卐

Since the aspirer who is wanting in the right knowledge, never gains his desired goal, it is necessary that he should acquire right knowledge, sothat he may be able to discriminate between merits and demerits.

थूले तसकायवहे थूले मोपे अदत्तथूले य ।
परिहारो परमहिला परिग्गहारम्भ परिमाण ॥

卐

छोड स्थूल त्रस घात, स्थूल मृष-
त्याग, अदत्त द्रव्य लेना मत ।
परिहर परतिय और परिग्रह,
परिसीमित ये पचाणुव्रत ॥

卐

The abstinence from the gross killing of movable living beings and from speaking a gross lie, non-acceptance of things belonging to others, and the avoidance of the company of ladies(other than one's wife in privacy) and putting limitations to one's possessions(by controlling desire, constitute the five minor vows of an householder).

दिसिविदिसमाण पढमं अणत्थदंडस्स वणंजु विदियं
भोगोपभोगपरिमा इयमेव गुणव्वया तिण्णि ॥

卐

प्रथम दिशा विदिशा की सीमा—
अनर्थ दण्ड का त्याग दूसरा ।
भोगोपभोग सीमा तृतीय—
इस भाँति तीन गुणव्रत धारा ॥

卐

The limitation (of one's activities) in every direction (of east, west, north and south, upwards, downwards and their corners) is the first *gunavrata* called *Disa vidisa mana*. The *Anartha-danda-tyaga*, i. e. Avoidance of useless & meaningless activities; and *Bhogopabhoga-mana* i.e limit of food and enjoyment etc. make all the three *gunavratas*.

सामाइयं च पढम विदियं च तहेव पोसहं भणियं
तइयं च अतिहिपुज्जं चउत्थ सल्लेहणा अंते

卐

सामायिक पहला शिक्षाव्रत —
दूसरा सु-प्रोषध अभिभाषित।
तीसरा अतिथि सत्कार अन्त में-
चौथा है सल्लेखन व्रत ॥

卐

The four *Siksavratas* are as follows: (1)*Samayika* i e performance of meditation for equanimity three times daily (2)*Proṣadha*, i.e. observance of fast on the 8th and 14th. auspicious days of each fortnight;(3)*Atithi-satkara* i e entertaining and giving alms to *Nirgrantha S'ramaṇas*(monks) and (4)*Sallekhana*, i. e observance of rules pertaining to death in the end.

णाणगुणेहि विहोणा ण लहंते ते सुइच्छियं लाहं
इय णाऊं गुणदोसं त सण्णाण वियाणेहि ॥

卐

गुण ज्ञान विहीन कभी भी है—
पा पाता नहीं स्व-इच्छा-फल ।
गुण दोष जानने को इसविधि—
जानो सत्सम्यक् ज्ञान धवल ॥

卐

Since the aspirer who is wanting in the right knowledge, never gains his desired goal, it is necessary that he should acquire right knowledge, sothat he may be able to discriminate between merits and demerits

चारित्तसमारूढो अप्पासु परं ण ईहए णाणी ।
पावइ अइरेण सुहं अणोवमं जाण णिच्छयदो ॥

卐

चारित्रारूढ, न आत्मा में—
करता इच्छा पर की ज्ञानी ।
पाता शाश्वत सुख अनुपम वह—
जानो यह निश्चय विज्ञानी ॥

卐

The wise who minutely observes the right conduct never desires for outer cravings, but having remained in the (miditation) of his soul acquires incomparable happiness.+

+These 13 gathas are taken from '*Charitra-Pahuda*'

जह ण वि लहदि हु लक्खं रहिओ कंडस्स वेज्झय विहीणो ।
तह ण वि लक्खदि लक्खं अण्णाणी मोक्खमग्गस

卐

धनुष बाण बिन कोई वेधक-
ब्यों न प्राप्त करता स्व लक्ष्य को ।
त्यों अज्ञानी प्राप्त न करता-
शिव-पन्थ लक्ष्य परमात्मा को ॥

卐

